## खबर संक्षेप



### परिवहन मंत्री ने भेंट किए ट्रैक्टर, ट्रॉली

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को एमसीएफ के वार्ड नंबर 1 में सफाई के लिए 14 लाख रुपए की धनराशि से एक ट्रैक्टर पावर ट्रेक, सेक्शन टैंकर, एक ट्रॉली, एक सम पंप लोगों को समर्पित करने उपरांत कहा कि कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को सर्वांगीण चहुंमुखी विकास के लिए प्रदेश में एक मॉडल के रूप में विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए वचन प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। सरकार की तरफ से विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी। फरीदाबाद के विकास की बात करते हुए कहा कि मोदी को मनोहर के नेतृत्व में विकास के लिए खजाने हमेशा खुलें हुए है। परिवहन मंत्री ने कहा कि आने वाले समय मे सभी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास किया जाएगा।

### फरीदाबाद में 19 नए संक्रमित, 41 हुए ठीक

**फरीदाबाद।** जिले में सोमवार को 19 नए मामलों की पुष्टि की है। वहीं 41 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त हुए हैं। आज भी किसी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 46203 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 45594 लोग स्वस्थ हुए हैं। जिले में अब तक 412 संक्रमितों की मौत हुई है। इसके अलावा जिले में आज 19 नए संक्रमित आए है। नए संक्रमित क्रमशः सैक्टर-21, दयालपुर, सैक्टर-86, सैक्टर-45, गणपति कालोनी, सैक्टर-30, सैक्टर-28, कृष्णा कालोनी, आईपी कालोनी, अहीरवाड़ा, सूर्या नगर, सैक्टर-75, संजय कालोनी, जुन्हेड़ा आदि क्षेत्रों से है। जबकि 41 मरीज संक्रमण मुक्त हुए है।
क्या कहते है उपसिविल सर्जन
उपसिविल सर्जन डा. रामभगत ने बताया कि जिले में मंगलवार को मृत्यु नहीं हुई है। जबकि 19 नए संक्रमित मिले है।

### मैजिक पैन से करते थे खाता साफ, पकड़े गए

**फरीदाबाद।** मैजिक पैन का प्रयोग कर लोगों के बैंक खाते साफ करने वाले चार बदमाश साइबर थाना पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आरोपियों की पहचान गांव झाड़सा गुरुग्राम निवासी पवन, ज्योति नगर दिल्ली निवासी राहुल, मजलिस पार्क दिल्ली निवासी बलबीर, हर्ष विहार दिल्ली निवासी अमित सक्सेना के रूप में हुई है। आरोपियों से फरीदाबाद की तीन वारदात सुलझी हैं। इनके कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन लाख रुपये, वारदात में प्रयुक्त मोबाइल, मैजिक पैन बरामद किए हैं। आरोपी कार कंपनी के प्रतिनिधि बनकर काल करते थे। मामूली राशि में कार की वारंटी बढ़ाने का झांसा देते थे। इसके बाद घर आकर कार मालिक मामूली राशि का चेक ले लेते। उस चेक में रकम अपने मैजिक पैन से डालते, वहीं हस्ताक्षर कार मालिक के पैन से कराते थे। मैजिक पैन की स्याही कुछ समय बाद उड़ जाती है।

### ट्रैक्टर रैली को लेकर चिंता में पड़ा प्रशासन, किसान नेताओं से की बातचीत

# केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के विरोध में अपने ट्रैक्टरों के साथ सड़कों पर उतरे किसान


परेड के लिए तैयार तिरंगा लगे ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

आखिर वह दिन आ ही गया जब किसान पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार गणतन्त्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। ये ट्रैक्टर परेड पुलिस-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। इसी के मद्देनजर आज फिर डीएम अजय शंकर पांडे और एसएसपी कलानिधि नैथानी ने सुबह यूपी गेट पहुंचकर किसान नेताओ से वार्ता की।

### एडीजी और आईजी यूपी गेट पर डाले हुए है डेरा

इसी परीक्षा में शत-प्रतिशत पास होने के लिए एडीजी जोन मेरठ राजीव सभरवाल और आइजी रेंज मेरठ प्रवीण कुमार बीते दो दिनों से यूपी गेट पर ही डेरा डाले हुए हैं। दोनों अधिकारी आज होने वाली ट्रैक्टर परेड की तैयारी में एक हफ्ते जुटे हैं। खुद जायजा लेने के साथ ही वह कप्तान से भी पल-पल की खबर ले रहे हैं। इतना ही नही स्थानीय खुफिया इकाई (एलआइयू) के अलावा यूपी गेट पर सहारनपुर, मेरठ, बुलंदशहर व हापुड़ से भी एलआइयू स्टाफ को लगाया गया है।

### गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के साथ ही किसानों की ट्रैक्टर परेड को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस के लिए कड़ी परीक्षा साबित होने जा रही है। जिला मुख्यालय पर भी झंडारोहण होता है। पूर्व की भांति अधिकारियों के जिम्मे इस बार भी यह आयोजन करा शहर भर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ट्रैक्टर परेड को निकलवाने का काम है। डीएम अजय शंकर पांडेय और एसएसपी कलानिधि नैथानी के साथ ही रेंज व जोन के अधिकारियों का दावा है कि पुलिस-प्रशासन बंदोबस्त पूरे कर लिए हैं।

### गाजीपुर बॉर्डर से अक्षरधाम की तरफ जाएगा ट्रैक्टर मार्च, वही से गाजीपुर की तरफ लौटेंगे

### पुलिस ने तैयार किया डायवर्जन प्लान

**गाजियाबाद।** आज एनएच-9 से लेकर जीटी रोड और दिल्ली-मेरठ हाईवे समेत तीनों प्रमुख मार्गों से ट्रैक्टर गुजरेंगे। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान बनाया है। इसके तहत अप्सरा बार्डर, महारपुर बार्डर, चंद्रनगर बार्डर व ईडीएम माल से किसी भी वाहन को दिल्ली की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक इन सभी मार्गों के दिल्ली जाने वाले लेन पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि दिल्ली जाने के लिए वाहन चालकों को वजीराबाद रोड होते हुए भोपुरा से और न्यू लिक रोडसे होकर होकर नोएडा सेक्टर-62 से जाना पड़ेगा।

### *टिकैत ने लिया ट्रैक्टर परेड के रूट का जायजा*

***गाजियाबाद।*** *किसानों के ट्रैक्टर मार्च का रूट फाइनल होने और दिल्ली पुलिस के ट्विटर हैंडल पर संदिग्ध गतिविधि वाले बयान के बाद किसान नेता राकेश टिकैत का बयान आया है। राकेश टिकैत ने कहा कि हम भी ऐसे लोगों को चिन्हित कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस भी उन्हें पकड़े। उन्होंने दोहराया कि गाजीपुर बॉर्डर से ट्रैक्टर मार्च अक्षरधाम की तरफ जाएगा। जहां से ट्रैक्टर वापस गाजीपुर की तरफ चलेंगे। इसके बाद आनंद विहार से होते हुए अप्सरा बॉर्डर से वापस यूपी में किसानों के ट्रैक्टर प्रवेश करेंगे। टिकैत ने दिल्ली पुलिस के बयान के तुरंत बाद कहा कि पूरी तरह से शांतिपूर्ण ट्रैक्टर मार्च रहेगा। किसी भी तरह की परेशानी आम लोगों को भी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए पहले ही किसानों को संबंधित जानकारी बताई जा चुकी है। रूट के बारे में भी किसानों को अवगत करा दिया गया है।*



### किसान आंदोलन के चलते कांग्रेसी नेता डागर को किया नजरबंद

**फरीदाबाद।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कृषि विधेयकों के विरोध में दिल्ली कूच को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां करनी शुरू कर दी है। ट्रैक्टर रैली को रोकने के लिए पुलिस ने अब किसान व कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद जगन डागर को पुलिस ने उनके घर में नजरबंद कर दिया। श्री डागर पर पुलिस ने तब तक नजर रखी, जब तक कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का कार्यक्रम चला। दरअसल, हरियाणा सरकार के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को



अपने विधानसभा क्षेत्र बल्लभगढ़ के सैक्टर.55 में विकास कार्य के उद्घाटन के लिए आना था। जहां पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगन डागर ने उन्हें काले झंडे दिखा कर किसानों के समर्थन में उनका विरोध जताने की तैयारी कर रखी थी। लेकिन उनके विरोध प्रदर्शन से पहले ही पुलिस और सीआईडी की टीम उनके निवास पर पहुंच गई और उनको घर से नहीं निकलने दिया। इस मामले में जगन डागर का कहना है कि लोकतंत्र में किसी का भी शांतिपूर्वक विरोध करने का सभी का अधिकार है। लेकिन फिर भी भाजपा सरकार ने उन्हें अपना विरोध जताने से रोका जोकि ठीक नहीं है। देश में लोकतंत्र है, जब सरकार जनविरोधी काम करती है तो लोग उसका विरोध करते ही है। लेकिन भाजपा सरकार अपने विरोध को छुपाने के लिए किसानों का दमन कर रही है। जो की स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

### किसानों ने कब्जाई वैशाली-यूपी गेट लिंक रोड, डाबर रोड पर लगा जाम

**गाजियाबाद।** किसानों ने लिंक रोड पर वैशाली कट तक कब्जा कर लिया है। इसकी वजह से सोमवार को पुलिस ने वैशाली कट होकर वाहन चालकों को यूपी गेट नहीं जाने दिया। उन्हें आंतरिक सड़कों से गुजारा गया। इससे वैशाली की आंतरिक सड़कों पर जाम लगा। वहीं, वाहन चालक यूपी गेट से होकर दिल्ली नहीं जा सके। उन्हें अन्य सीमाओं से भेजा गया। इससे उन सीमाओं पर जाम की स्थिति बनी रही। किसानों ने सर्विस रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की दिल्ली जाने वाली सभी लेनों पर कब्जा कर लिया है। वहीं, किसानों का लिंक रोड पर वैशाली कट और इंदिरापुरम सर्विस रोड पर भी कब्जा हो गया है। इस कारण पुलिस ने सोमवार को वैशाली कट पर बैरिकेड कर वाहनों का संचालन बंद कर दिया। यहां से सिर्फ एंबुलेंस को यूपी गेट की ओर जाने दिया।

### कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया



**फरीदाबाद।** वैश्विक महामारी जब संपूर्ण विश्व में आई तो इसके बारे में किसी को भी कुछ नहीं पता था परन्तु देश भर के लोगों ने अपना अपना सहयोग देते हुए इस वैश्विक महामारी से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी चाहे डॉक्टर्स की बात हो या फिर पुलिस के कर्मचारी और समाज सेवी संस्थाओं सभी ने अपने अपने क्षेत्र में अपना अपना महवपूर्ण योगदान दिया। जिसकी कड़ी में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय ब्यूरो एवं जज्बा फाउंडेशन के द्वारा खेड़ी कलां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सभी कर्मचारी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ हरजिंदर सिंह ने संबोधित करते हुए बताया की हरियाणा प्रदेश के फरीदाबाद जिले में कोरोना योद्धाओं ने निस्वार्थ भाव से काम किया है। त्याग सेवा भावना से प्रदेश के लोगों को संकट से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई है। कोविड वैक्सीन आने के बाद अब हम कोविड़ के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की ओर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन वैक्सीन की पहली डोज लगने के बाद भी कोरोना योद्धाओं को पूरी सतर्कता बरतनी होगी और सभी अपने स्वस्थ, सफाई व कोरोना वारियर्स अपनी बारी आने पर वैक्सीन अवश्य लगवाया। मनोज सैनी ने बताया कि आज भारत देश ने कोरोना के खिलाफ जंग में और देशों के मुकाबले अधिक सफलता प्राप्त की है।

**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN NO.: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110092
Phone No.: 011-22727486,
Email: info@sidhmanagement.in,
Website: www.sidhmanagement.in

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों तथा एजेंडा के अनुरूप अन्य मामलों पर विचार करने और अनुमोदन करने अथवा रिकार्ड पर लेने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शनिवार, 6 फरवरी 2021 को अप. 1.00 बजे इसके पंजीकृत कार्यालय ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-110092 में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, कम्पनी द्वारा बनाई गई आचार संहिता के साथ पठित सेबी (अनाधिकृत व्यापार निषेध) नियमनों 2015 के तहत, ट्रेडिंग विंडो कम्पनी के सभी पदनामित व्यक्तियों और उनके सम्बन्धियों हेतु 01 जनवरी 2021 से 8 फरवरी 2021 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लि.
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण कालिक निदेशक
डीआईएन : 07526355
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 25.01.2021

### स्वतंत्रता सेनानियों का घर पर होगा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से इस बार गणतंत्र दिवस पर युद्ध वीरांगनाओ तथा स्वतंत्रता सेनानियों व उनकी वीरांगनाओं को उनके घर पर ही जाकर सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी और उनकी वीरांगनाएं ज्यादा बुजुर्ग होने की वजह से उनको कोरोना संक्रमण का खतरा रहता है। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए गुरूग्राम जिला प्रशासन ने घर पर ही जाकर सम्मानित करेंगे और यह कार्य जिला प्रशासन टीम करेंगी।

#### *घर-घर जा रही जिला प्रशासन की टीम*

*युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित करने का कार्य सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गुरूग्राम में नियुक्त सचिव कर्नल अमन यादव की देखरेख में किया जा रहा है। इसी प्रकार, स्वतंत्रता सेनानियों और उनकी वीरांगनाओं को जिला प्रशासन की टीम घर-घर जाकर सम्मानित कर रही है।*

### नागरिक सुरक्षा विभाग को उत्कृष्ट सेवा मेडल


मोहित शर्मा, चीफ वार्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के इतिहास में पहली बार नागरिक सुरक्षा विभाग की झोली में राष्ट्रपति उत्कृष्ट सेवा मेडल आया है।


यह पुरस्कार नागरिक सुरक्षा विभाग गुरूग्राम की ओर से चीफ वार्डन मोहित शर्मा प्राप्त करेंगे। ध्यान रहें कि सिविल डिफेंस की टीम ने कोरोना संक्रमण के दौरान ना केवल जरूरतमंद लोगों की मदद की बल्कि लॉकडाउन में भी समर्पण भाव से जनहित में कार्य किया।

#### *लोग कर रहे तारीफ*

*कोरोना काल में नागरिक सुरक्षा टीम द्वारा किए गए कार्यों की आज ना केवल प्रदेश में बल्कि देशभर में प्रशंसा हो रही है। संकट की इस घड़ी में सिविल डिफेंस ने दिन-रात लोगों की मदद की और प्रवासी नागरिकों को फूड पैकेट बांटने का काम किया। सिविल डिफेंस की कार्यप्रणाली को जिला प्रशासन द्वारा भी काफी बार सराहा जा चुका है। जिला प्रशासन ने मोहित शर्मा व उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। उधर मोहित शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय सिविल डिफेंस गुरूग्राम की पूरी टीम को दिया।*

### दोनों ने नहीं लगाए थे जरुरी सुरक्षा उपकरण

## सीवर साफ करते समय दो कर्मियों की मौत


मृतक सलमान व इब्राहिम का फाईल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना मुजेसर क्षेत्र अन्तगत संजय कालोनी में 33 फुट रोड पर सीवर सफाई के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के इब्राहिम और सलमान के रूप में हुई है। दोनों सेक्टर-9 के पास झुग्गियों में रहते थे। मृतकों की उम्र 30 से 32 साल है। संजय कालोनी चौकी के एएसआई एवं जांच अधिकारी सतपाल ने बताया का ठेकेदार सीवर सफाई करवा रहा था।


संजय कालोनी 33 फुट की इस सडक पर हुआ है हादसा।

#### क्या कहते है नपा के प्रदेशाध्यक्ष


इब्राहिम और सलमान ठेकेदार के पास मजदूरी करते थे। सोमवार सुबह दोनों 33 फुट रोड पर सीवर के मैनहोल में उतरे। दोनों ने सुरक्षा उपकरण नहीं लगाए हुए थे। नीचे उतरते ही दोनों बेहोश होकर गिर पड़े। मैनहोल के बाहर मौजूद दूसरे कर्मचारियों ने जब देखा कि दोनों नीचे बेसुध पड़े हैं तो उन्हें मैनहोल से बाहर निकाल। उन्हें तुरंत बादशाह खान अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

#### कर्मचारी को सुरक्षा उपकरण देना अनिवार्यः नपा के प्रदेशाध्यक्ष

नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, सीवरमैन यूनियन फरीदाबाद के प्रधान सुभाष फेटमार व सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि किसी भी कर्मचारी चाहे व सरकारी व प्राईवेट को सीवर में नहीं उतारा जा सकता। साथ ही उन्हें सीवर हॉल में सफाई का काम करते समय पूर्ण उपकरण व सुरक्षा उपकरण देने अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि सरकार के तमाम कदम उठाने के बाद भी देश में हाथ से मैला उठाने और बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर की सफाई करने का काम अभी तक बंद नहीं हुआ है। इसी कारण केंद्र सरकार ने दो बड़े फैसलों किए थे। सामाजिक न्याय मंत्रालय मशीन से सीवर की सफाई को अनिवार्य बनाने जा रहा है। वहीं शहरी मामलों के मंत्रालय ने सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज शुरू किया है, ताकि किसी भी व्यक्ति को सीवर या सेप्टिक टैंक में प्रवेश ना करना पड़े। हालांकि, इसके बाद भी कई कर्मचारियों ने सीवर सफाई के दौरान मौत हो चुकी है।

हरियाणा सरकार

**हरियाणावासियों को गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाएं**



**सन्देश**

मेरे प्यारे प्रदेशवासियों! 72वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मैं आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और सभी **अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन** करता हूँ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद व्यवस्था के अनुकूल शासन प्रणाली स्थापित करना बहुत बड़ी चुनौती थी। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने इस चुनौती को स्वीकारा और उन्होंने लगातार दो वर्ष ग्यारह महीने अठाईस दिन तक प्रतिदिन 21–21 घण्टे मेहनत कर संविधान की रचना की। भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।

कोरोना संक्रमण महामारी में डॉक्टर, नर्स, पुलिसकर्मी, सफाईकर्मी व स्वयंसेवकों ने अपनी जान हथेली पर रखकर कार्य किया है। संकट की इस घड़ी में मैं हरियाणा सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों व सभी धार्मिक, सामाजिक तथा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करता हूँ।

प्रदेश में डिजिटलीकरण के चलते माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा हरियाणा सरकार को **डिजिटल इण्डिया अवॉर्ड–2020** से सुशोभित किया गया है। राज्य में डिजिटल इण्डिया विज़न को आगे बढ़ाते हुए 40 विभागों की 549 योजनाएं ऑनलाइन की गई हैं।

किसान हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य में **'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', 'सस्ती दरों पर बिजली आपूर्ति', 'भावान्तर भरपाई योजना', 'प्रगतिशील किसान सम्मान योजना'** तथा **'मेरा पानी–मेरी विरासत'** जैसी कई किसान हितैषी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

भौतिक विकास के साथ हरियाणा ने सांस्कृतिक मूल्यों को भी संजोए रखते हुए इस बार कुरुक्षेत्र में **अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का ऑनलाइन आयोजन** किया। पूरे विश्व में इस महोत्सव को इन्टरनेट की विभिन्न वैबसाइटों पर अढ़ाई करोड़ हिट्स मिले हैं।

आइए, इस ऐतिहासिक दिवस पर राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने तथा देश के नव–निर्माण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें। मैं आप सब को पुनः बधाई देता हूँ और प्रदेश की **जनता के सुनहरे भविष्य की कामना** करता हूँ।

26 जनवरी, 2021

सत्यदेव नारायण आर्य
राज्यपाल, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in @Cmohry @DiprHaryana